Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 04-06-2022 अंक 245
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष : आओ हम सब पौधा लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए

### पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं : पूनम कुजूर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही एसडीओ : पुनम कुजुर

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण के संतुलन एवं संरक्षण ले लिए देश के हर एक नागरिक को प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगानी चाहिए। उक्त बातें बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जनता का संदेश देते हुए कहा। उन्होंने बताया कि पेड़ पौधे प्राचीन काल से ही मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व रखते आया है। यह मानव जीवन के लिए प्रकृति के अनुपम उपहार है। हमारे वन पेड़ पौधे ही नही अपितु अनेकों उपयोगी जीव – जंतुओं और औषोधियो का भंडार है। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य है एवं प्रकृति के संतुलन बनाए रखने में बहुत कारगर साबित होता है। प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वजों, ऋषिमुनियों व संतो के लिए वन तपस्या प्रमुख स्थान रहा है। वनों में अनेको प्रकार के पेड़ पौधे पाए जाते है। जो विभिन्न प्रकार से मानव के लिए उपयोगी है । पीपल का वृक्ष हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन में देकर मानव कल्याण का काम करता है। वैसे तो सभी वृक्ष दिन में अ०क्सीजन देते है जोजीवन के लिए आवश्यक है। परंतु पीपल के वृक्ष में ऑक्सीजन प्रदान करने का अनुपात अन्य वृक्षों के तुलना में अधिक होता है। इसके अतिरिक्त नीम, बबुल, तुलसी, आवला एवं शमी आदि वृक्षों का औषधि के रूप में विशेष महत्व है। वन मनुष्य के लिए ही नही अपितु समस्त जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है। इनसे प्रकृति को संत.ुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। आज वनों के अधिक कटाई से कई जीव जंतु विलुप्त हो गए है तथा उनके जंतुओं के लुप्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। शेर की संख्या में नि.रंतर कमी आ रही है। जंगली हाथियों की भी संख्या लगातार घट रही है। यही हाल अन्य जंतुओं का भी है।वन ऋतुचक्र एवं प्रकृति में संतुलन बनाए रखने में सक्षम होते है। वन अधिक वर्षा के समय मिट्टी के कटाव को रोकते है तथा उनकी उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने में सहयोग करता है। परंतु मनुष्य की भी स्वार्थसिद्धि एवं असंतोष की प्रवृति से दिन प्रतिदिन वृक्षों की संख्या के कमी के कारण असंतुलन की संभावना उत्पन्न हो गई है। यही कारण है की भूमि का कटाव बढ़ रहा है। जिससे जलाशय दिन प्रतिदिन सूखते जा रहे है। पानी की इस निरंतर कमी से जलीय जंतुओं का अस्तित्व भी खतरे में पड़ रहा है। पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखने में प्रमुख भ.ूमिका अदा करते है। घरों, मोटर – गाड़ियों वा कल कारखानों से निकली कार्बन डाइअ०क्साइड को ये अवशोषित करते है। जिससे वातावरण में वायु प्रदूषण के नियंत्रण में काफी सहायक होती है। इस प्रकार पेड़ – पौधे पर्यावरण को सीधे रूप में प्रभावित करते है।यूं कहें पेड़ पौधे मनुष्य के लिए ही नही अपितु समस्त जंतुओं के लिए आवश्यक है। उनके आभाव में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना असम्भव है । अतः यह हम सब के लिए आवश्यक है की वन की महत्त्व को समझे। यह महत्व पूर्ण कार्य सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। पौधरोपण कार्य को अधिक से अधिक विस्तार देना चाहिए तथा वैसे वन जो उजड़ने के कगार पर है वहां वृक्षों के कटाव पर रोक लगा देनी चाहिए। वृक्षारोपण के महत्व को उजागर करने के लिए छात्र जीवन से ही इसके महत्व को बताया जाना चाहिए । छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित करने हेतु समय – समय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन करना चाहिए।एवं वन मानव जीवन के लिए ही नही अपितु सृष्टि के समस्त जीव जंतुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक संतुलन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। वन प्रकृति के जीवो के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। इस अमूल्य निधि को सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व बनता है। वन संरक्षण हम सबकी एक जरूरत है। वनों का कटाव मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर खतरा हो सकता है अतः प्रकृति एवं अपने जीवन में हरियाली कायम रखने के लिए वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देना चाहिए

## ईमानदारी से की गई मेहनत कभी बेकार नही जाता : कंचन

### जेपीएससी में सफल कंचन कुमारी का सहायक अध्यापकों ने किया स्वागत एवं समान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कंचन कुमारी को सम्मानित करते सहायक अध्यापकगण

एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई की ओर से बरही में जेपीएससी से चयनित शिक्षा संवर्ग के पदाधिकारी के रूप में कंचन कुमारी का स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बरही मे सैकड़ों सहायक अध्यापकों के द्वारा सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचमाधव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समा. जसेवी उमेश प्रसाद, देवनारायण प्रसाद को फूल और बुके देकर स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम बरही प्रखंड इकाई के द्वारा आयोजित की गई थी । इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षकों ने विशेष ताली से उनका स्वागत किया और बारी-बारी से माला और बुके देकर इनका सम्मान किया। स्वागत समारोह में वक्ता के रूप में उषा राम, मुकेश चौधरी, दीपक यादव, प्रखंड सचिव मनोज घोष, जगदीश प्रसाद, बीआरसी से राम कृपाल राम,रामेश्वर रविदास नेअपनी बातों को रखा। एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राज्य कमेटी सदस्य संजय कुमार दुबे ने मैडम को बुके देकर स्वागत किया। उनसे आग्रह किया कि हम लोग शिक्षक संवर्ग से है । आपकी सहयोग की अपेक्षा रहेगी । मुख्यअतिथि ने शिक्षकों को अपने जेपीएससी में सफल होने का ट्रिक को साझा करते हुए बताए की परिश्रम करने वालों की कभी हार नहीं होती है। आप लोग भी परिश्रम करें, निश्चित यह सफलता हाथ लगेगी । हम लोग को मिलजुल कर शिक्षा के रूप में अलख जगाने का कार्य करेगे । यह संकल्प लेने की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कंचन कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेंद्र गोप संजय कुमार दुबे ,देवनारायण यादव के साथ बरही प्रखंड के सहायक अध्यापक मनोज घोष,उषा राम, दीपक यादव, मुकेश चौधरी, मोहम्मद सनोवर ,आफताब अहमद, रेखा कुमारी ,मोहम्मद सुलेमान ,जगदीश प्रसाद, राजेश यादव ,रिंकू कुमारी ,ब्रजमोहन शर्मा ,मनोज ठाकुर, नवरत्न प्रसाद, रामकृपाल राम ,पुष्पा कुमारी, शकुंतला कुमारी ,संजू कुमारी ,मायावती कुमारी ,रानी खातून ,आशा कुमारी ,मीरा कुमारी ,ज्योति कुमारी, संदीप कुमार , राजेश यादव ,स्वाति कुमारी, सुरेंद्र यादव, दिनेश प्रसाद यादव, नवरत्न कुमार ,मनोज ठाकुर, सुनील यादव ,सरफराज खान ,दामोदर साव, सतीश यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित हुए । कार्यक्रम के अंत में बरही प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सीआर इंदवार ने भी कंचन कुमारी को बुके देकर स्वागत की एंव सफलता की शुभकामना दी ।

## चापानल में पानी पीने को लेकर हुई विवाद में महिला की हत्या

### आरोपी पक्ष का कहना है कि अपनो के बीच हुई मारपीट से हुए है मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रोते बिलखते परिजन

रानीचुवा पंचायत के तुरी टोला में सरकारी चापानल से पानी पीने को लेकर की गई मारपीट में एक महिला फूलमती देवी (20) वर्ष पति सिकन्दर तुरी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रानीचुवा ग्राम के तुरी टोला में एक सरकारी चापानल है। जिसपर जागेश्वर तुरी कब्जा जमाए हुए। आस पास के लोगों को पानी पीने नही दे रहा था। वह चापानल का चेन खोल दिया था। उसी चापानल को सिकन्दर तुरी बनाया। चापानल बनने पर सिकन्दर तुरी की पत्नी फूलमती देवी उसी चापानल पर कपड़ा धोने गई। उसी पर जागेश्वर तुरी एवं उनके परिजन फूलमती देवी पर जानलेवा हमला कर दिए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मारपीट की घटना शुक्रवार देर रात की है। परिजनों ने मारपीट का आरोप जागेश्वर तुरी , तुलसी तुरी, राजू तुरी, उर्मिला देवी, मनीषा देवी, रेखा देवी, गंगिया देवी, रिंकी देवी पर लगाई है। मृतक महिला की शादी 5 वर्ष पहले चतरा में हुई थी। लेकिन रानीचुवा में ही अपने पिता के घर ही रहती थी। उसके तीन बच्चे हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामचन्द्र टुड्डू , संतोष कुमार यादव भी अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए हज़ारीबाग़ भिजवाने में सहयोग किया।इधर आरोपी पक्ष के ओर से जागेश्वर तुरी ने बताया कि महिला की मौत में हम सभी का कोई रोल नही है। आपस मे ही इन लोगों ने मारपीट की है। जिससे महिला की मौत हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एचीवर्स क्लासेस के बरही केन्द्र का उद्घाटन कल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कालीबाड़ी रोड स्थित एचीवर्स क्लासेज अपना ब्राँच बरही शहर में खोल रहा है, जिसका कल 5 जून को 2 बजे दिन में उद्घाटन होगा और उसके साथ-साथ डिमोनस्ट्रेशन क्लास की भी शुरूआत हो रहा है।

एचीवर्स क्लासेस के निदेशक ई. अरबिन्द ठाकुर और ई. अजय ठाकुर ने बताया कि बरही केन्द्र का उद्घाटन कल स्वामी विवे. कानन्द पुस्तकालय में होगा, जो बरही ब्ल०क कैम्पस और पानी टंकी के पास है। कुछ दिन तक क्लास इसी पुस्तकालय में चलेगा। पुस्तकालय के अध्यक्ष श्री मनोज यादव जी (पूर्व विधायक बरही) और सचिव श्री कृष्णा प्रजा. पति जी के सहयोग से ही पुस्तकालय में यह कार्यक्रम हो पा रहा है। जुलाई से एचीवर्स क्लासेस अपने भवन में चलेगा जो हनुमान मंदिर के सामने है जो धनबाद रोड में है।

एचीवर्स क्लासेस के निदेशक ने बताया कि जो छात्र-छात्रायें इस बार 11 वीं में जा रहे हैं उनके लिए यह डिमोनस्ट्रेशन क्लासेस है जो दो दिन चलेगा और निःशुल्क भी रहेगा। उसके बाद छात्रों का नामांकन करा कर नियमित क्लास कर सकता है। इस डिमोनस्ट्रेशन क्लास में छात्रों को एकेडमिक के साथ-साथ जे. ई. ई. मेन / एडमांस या नीट की पढाई कराई जाएगी।

एचीवर्स क्लासेस गाँव के गरीब और मेधावी छात्रों को भी इंजीनियर और डॉक्टर बनने के सपना को पुरा के उद्देश्य से बरही में अपना केन्द्र खोल रहा है।

## रजरप्पा से नालंदा लौट रहे युवक की जवाहर घाट में डूबने हुई मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रजरप्पा से पूजा कर वापस नालंदा लौटने के क्रम में जवाहर घाट में नहाने के दौरान डूबने से पितासंघ नालंदा बिहार निवासी 40 वर्षीय सुजीत कुमार शर्मा मौत की हो गई। जानकारी के अनुसार एक स्कार्पियो पर अनिल शर्मा, सुजीत शर्मा एवं एक चालक सुरेंद्र कुमार के साथ पूजा करने रजरप्पा पहुंचे थे। पूजा कर वापस लौटने के क्रम में जब वे लोग जवाहर घाट पहुंचे तब सुजीत ने अपने जीजा अनिल शर्मा को कहा कि मै नदी में नहाना चाहता हूं। उसके बाद निर्माणाधीन पूल के पास कुछ युवक पहले से नहा रहे थे। उन्ही के साथ नहाने चले गए। जानकारी के अनुसार सुजीत हल्का शराब पीए हुए था। नहाने के दौरान वह गहरा पानी मे चला गया। तैरने नही आने के कारण वही डूब गया। अन्य और लोग जो वही नहा रहे थे। वे लोग उसे काफी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला। उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा था।

## अपेम ट्रस्ट एवं अपेम लाइव के तत्वाधान में कल प्रखंड के विभिन्न जगहों में किया जाएगा पौधारोपण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




अपेम ट्रस्ट एवं अपेम लाइव के तत्वाधान में कल यानी पर्यवारण दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा। जिसमे लस्करी, रियाडा परिक्षेत्र, पुस्तकालय एवं दर्जनों शैक्षणिक संस्थान शामिल है। विदित हो की अपेम ट्रस्ट एवं अपेम लाइव के पहल पर एक सप्ताह पूर्व से पौधारोपण कार्यक्रम चल रहा है। जहां प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग सैकड़ों पौधा लगाएं जा चुके है। कल पर्यावरण दिवस पर अपेम ट्रस्ट एवं अपेम लाइव के तत्वाधान में लगभग 2000 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस बात की जानकारी अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने दी गई।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बलिया पंचायत से समीना खातून और बलगो पंचायत से कुसुम देवी बनी मुखिया

### खेदवार पंचायत के मतगणना बराबर के टॉस से भी जीती कंचन देवी मुखिया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण का मतगणना बगोदर में चौथे दिन भी जारी रहा जानकारी के मुताबिक बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चुनाव की मतगणना मंगलवार से मतगणना शुरू हुआ था। जिसमें शुक्रवार को देर शाम समाप्त हो गया। वही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिन लोगों ने अपना नामांकन चुनाव पद में किया था। उन सभी प्रत्याशियों का परिणाम आ चुका है। चुनाव का परिणाम आते ही प्रत्याशियों का खुशी उत्साह देखने को मिला वही हारे हुए प्रत्याशियों को चेहरा में मायूसी के साफ झलक दिखाई दे रहा था। वही मंगलवार से मतगणना शुरू होते ही प्रत्याशियों का दिल का धड़कन जोरों से धड़क रहा था जैसे-जैसे पंचायत का बारी आते रहे। उसी प्रकार प्रत्याशियों का धड़कन तेजी से धड़क रहा था। वही प्रत्याशियों ने जिसके परिणाम आने पर मतगणना केंद्र के बाहर प्रत्याशियों ने जमकर जीते हुए प्रत्याशियों को माला पहनाकर लोगों ने बधाई दी। बता दें कि चौथे दिन में मतगणना केंद्र में भीड़ लगातार देखने को मिला वही सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। वही प्रशासन द्वारा कड़ी नजर जा रहे थे।

बिरनी प्रखंड अंतर्गत भाग 22 में जिला परिषद सूरज सुमन जिला परिषद पद पर विजय हुवे ।बता दे कि जीत के बाद जनता को धन्यवाद दिया।

**कौन बने कहाँ के मुखिया और पंचायत समिति**

पड़रिया पंचायत के मुखिया विजय दास पंचायत समिति गौरी देवी कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव पंचायत कृति देवी, बांगराकल पंचायत के मुखिया सावित्री देवी पंचायत समिति सावित्री देवी, दलंगी पंचायत की मुखिया अफ़साना खातून पंचायत समिति कलीम अन्सारी, मखमार्गो पंचायत के मुखिया उमा देवी पंचायत समिति अनवर अन्सारी, बिरनी पंचायत के मुखिया किशुन राम पंचायत समिति सीताराम पासवान सिमराढाब पंचायत के मुखिया दिलीप रविदास पंचायत रामु बैठा बरमसिया पंचायत के मुखिया मुखिया विष्णुदेव वर्मा पंचायत समिति विजय कुमार, अररी पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी पंचायत पंकज कुमार तैतरीय सलेडीह पंचायत के मुखिया इस्लाम अन्सारी पंचायत समिति मदीना बीबी, केंदुआ पंचायत के मुखिया सहदेव यादव पंचायत सलीम अन्सारी खरखरी पंचायत के मुखिया अभय राय पंचायत कविता देवी, शाखाबारा पंचायत की मुखिया ममता देवी पंचायत ताजुद्दीन अन्सारी मैझलाडीह पंचायत के मुखिया सत्यदेर राउत पंचायत समिति टेकणारूयां पंडित, बाराडीह पंचायत के मुखिया सहदेव यादव पंचायत समिति मंजूर अन्सारी, कुसमैया पंचायत की मुखिया रेहाना खातून पंचायत समिति ताहिर अन्सारी, तुलसीटांड पंचायत की मुखिया सावित्री देवी पंचायत समिति गीता देवी गादी पंचायत की मुखिया गुलावती देवी पंचायत समिति तिलक महतो पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी देवी पंचायत समिति शीतल तर्वे चोंगाखर पंचायत के मुखिया रामलखन वर्मा पंचायत समिति पभीखन राय पुसुलेखा देवी खेदवार पंचायत की मुखिया कंचन देवी पंचायत समिति सुनीता देवी बलिया पंचायत की मुखिया समीना खातून पंचायत समिति बद्री राम बलगो पंचायत की मुखिया कुसुम देवी पंचायत समिति भाग 1 अली असगर भाग 2 शेखर शरण दास मनकडीहा पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार पंचायत समिति सोनू मालिक, केशोडीह पंचायत के मुखिया कृष्णा कांत वर्मा पंचायत समिति कमेशर मंडल, खैरिडीह मुखिया ललन सिंह पंचायत समिति भाग 1 सुमित्रा देवी भाग 2 चुनी कुमारी जरीडीह पंचायत के मुखिया टिकैत राजमणि सिंह पंचायत समिति कैलाश पा. सवान, पडर्मनिया पंचायत के मुखिया सुनीता देवी पंचायत समिति पूनम देवी



मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ी सुरक्षा

## आधुनिकता की दौड़ में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं लोग : अधिवक्ता सह पत्रकार अनुज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धरती हमारी मां है, धरती हमारी जननी है और प्रकृति हमारा जीवन है। प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है, लेकिन फिर भी हम विकास और आधुनिकता की दौड़ में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम प्रकृति से दूर जा रहे हैं। उक्त बाते बरही के युवा पत्रकार सह अधिवक्ता अनुज यादव ने कहा है। उन्होंने आगे कहा कि अब झरना, नदी, झील और जंगल देखने के लिए हमें बहुत दूर जाना पड़ता है पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का खामियाजा हम समय-समय पर भुगत भी रहे हैं। कभी बाढ़ आ जाती है तो कभी बादल फटते हैं। कहीं धरती में पानी सूख रहा है तो कहीं की जमीन आग उगल रही है। ये सब क्लाइमेट चेंज की वजह से ही हो रहा है। पेडों के कटने से हवा इतनी दूषित हो गई है कि शहरों में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। शहरों की लाइफ तो पर्यावरण और प्रकृति से बहुत दूर हो गई है, यहां रहने वाले ला. `गों को ऐसी बीमारियां हो रही हैं जो पहले न कभी सुनी और न कभी लोगों ने देखी। इन सबकी वजह कहीं न कहीं हमारी खराब होती लाइफस्टाइल भी है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पूरी दुनिया में पर्यावरण को बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड से मुंबई गए दो सहोदर भाइयों में एक हुआ था गुम

### रामगढ़ के एक युवक ने मुंबई में ही खोए भाई को दिया पनाह






**अपेम लाइव : कान्हाचट्‌टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी प्रखंड के बक. चुम्बा पंचायत के बिरेखाप गांव निवासी केदार भुइयाँ के दो पुत्र अरुण कुमार और पप्पू कुमार भुईया दोनों सहोदर भाई काम करने के लिए मुंबई गए थे। मुंबई जाने के क्रम में ही है मुंबई के किसी स्टेशन पर अरुण कुमार ट्रेन से उतरा और उसका सहोदर भाई पप्पू भुईया ट्रेन में ही छूट गया, वह ट्रेन से नीचे उतर नहीं पाया ।वह किसी दूसरे जगह पर चला गया और अनजान जगह पर वह भटकने लगा,उस जगह पर दो दिनों तक उसने कुछ खाना पीना नसीब नहीं हुआ। लेकिन ऊपर वाले की मर्जी और इच्छा से भटके हुए पप्पू भुइयाँ को मसीहा के रूप में रामगढ़ के सोनू कुमार मिल गए। जिन्होंने उसकी भाषा के आधार पर उसे अपनी जगह पहले पनाह दिया और उसके पास आधार कार्ड के आधार पर उसने चतरा जिला प्रशासन को सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी ।चतरा ए सी ने इसकी जानकारी कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो को दी ।श्री महतो ने शनिवार की सुबह ही बितेखाप गांव पहुंचे और पप्पू की तहकीकात की। उन्होंने कहा कि बीरेखाप गांव निवासी केदार भुइयाँ का दो पुत्र अरुण भुइयाँ और पप्पू भुइयाँ मुंबई गए थे जिसमें एक किसी कारणवश ट्रेन से नहीं उतर पाया और वह दूसरी जगह चला गया था । श्री महतो ने खोया हुआ युवक के माता पिता एवं परिजनों से फोन से बात करवाया एवं इसकी जानकारी पप्पू के सहोदर भाई अरुण को दी गई समाचार लिखे जाने तक अरुण ने पप्पू के पास पहुंचने का प्रयास कर रहा था ।अरुण ने भी फोन पर बताया कि मैं पप्पू को सोनू के माध्यम से प्राप्त कर लिया। इधर पप्पू भुइयाँ के परिजनों ने राहत की सांस ली एवं प्रखंड प्रशासन तथा जिला प्रशासन के साथ-साथ रामगढ़ के सोनू कुमार का आभार व्यक्त किया। केदार भुइयाँ ने कहा कि यदि मेरे बेटे के पास आधार कार्ड नहीं होता एवं रामगढ़ के सोनू झारखंड के युवक ना होते तो शायद मेरा बेटा आज मुझे नहीं मिलता। मैं इसके लिए रामगढ़ के सोनू के साथ साथ ऐसी साहब एवं बी डि यो साहब का आभार व्यक्त करता हूं ।मौके पर रोजगार सेवक प्रमोद यादव भी उपस्थित था।

## बिरनी में बड़ी घटना होने से बाल बाल बची कई महिलाएं

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले कुबरी गांव में एक बड़ी घटना होने से बचे। जानकारी के मुताबिक बता दे कि कुबरी में शनिवार सुबह 8 बजे एक महुआ पेड़ की डाली अचानक गिर गई। जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। बातया जाता है कि शनिवार सुबह महिलाएं घर का कार्य कर रही थी ।अचानक पेड़ डाली गिर गई। और महिला घायल हो गई। इतना ही नहीं बल्कि पेड़ की डाली ने बिजली खंभे को चपेट में ले लिया। और जमीन पर ले आया। घायल महिला को निजी अस्पताल ले गया जहां इलाज चल रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर सेमिनार में शामिल होंगे मनोज कुमार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



सम्मान प्राप्त गिरिडीह के पर्यावरण प्रेमी और भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर आयोजित वीडियो से. मिनार में भारतीय मानक समयानुसार आज शाम 6 बजे से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में आमंत्रित किये गए हैं गिरिडीह के मनोज कुमार। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त गिरिडीह के पर्यावरण प्रेमी और भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी मनोज कुमार नें बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मुझे आमंत्रित किया जाना गर्व की बात है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत सहित कई अन्य देश के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक और शोधकर्ता शिरकत करेंगे। डॉ भारत मैत्रेय भारत से, डॉ लुइस आर वेरा मेक्सिको से, डॉ डोमिनिको किलेमो तंजानिया से, डॉफ्लाविया वितकोव्त्स्की ब्राजील से मुख्य वक्ता होंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार मनोज कुमार पिछले वर्ष अंतराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समिट में शामिल हुए थे जिसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया था।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स वृद्धि के खिलाफ़ भाकपा का नुक्कड़ सभा का आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स मैं बेतहाशा वृद्धि एव विभिन्न मुद्दों के खिलाफ जन जागरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर के द्वारा नुक्कड़ सभा के माध्यम से झारखंड सरकार के विरोध में आज दिनांक 3-6-2022 को भाजपा गिरिडीह शहरी क्षेत्र के पचंबा उपनगरी रज्जाक चौक, अलकापुरी, टावर चौक एवं मकतपुर चौक मैं नुक्कड़ सभा आयोजित की गई जिसमें नगर ,जिला एवं प्रदेश के कई पदाधिकारी ,वार्ड पार्षद एवं कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का संचालन हरमिंदर सिंह बग्गा एवं मोतीलाल उपाध्याय के द्वारा किया, नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में गिरिडीह कै निवर्तमान विधायक श्री निर्भय शाहाबादी जिला महामंत्री श्री संदीप डगैच नगर निगम महापौर उपमहापौर श्री प्रकाश सेठ सुनील पासवान प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी विनय सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नू कांत सहाय जिला मंत्री नवीन सिन्हा नगर महामंत्री सिकु सिन्हा समीर दीप अरुण गुप्ता संतोष भारती दीपक शर्मा वीरेंद्र वर्मा हबलू गुप्ता पीयूष सिन्हा राजेश जसवाल राजा झुनझुन उमा चरण पहाड़ी लल्लन सिन्हा चंदन जी दीपक स्वर्णकार पवन कन्धवे संजय साहू सुभाष साहु विनोद देव शंकर राम अमित पासवान समेत कई कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे।

## मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए किया जीटी रोड जाम किया उग्र प्रदर्शन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर थाना क्षेत्र स्थित अटका चौक जीटी रोड पर रात दस बजे से लेकर एक बजे तक पुलिस और जिला परिषद समर्थको के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार शत्रुघ्न मंडल बगोदर प्रखंड के पश्चिमी भाग से जिला परिषद उम्मीदवार थे। मगर13 वोट से हार गए। हार के बाद बौखलाए भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी शत्रुध्न मंडल ने प्रशासन पर 13वोट की गड़बड़ी काआरोप लगाते हुए उसके समर्थको ने दोपहर से ही जीटी रोड अटका चौक पर जाम कर दिया । जाम की सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जाम स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया मगर रोड जाम कर रहे लोग उग्र हो उठे और पुलिस अधिकारीयों पर पत्थरबाजी करने लगे। मामले को बिगड़ता देख पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी हवाई फायरिंग किया और आंसू गैस छोड़े तब जाके स्थिति पर काबू पाया गया । घटना में कई पुलिस कर्मी और अधिकारी सहित जाम कर रहे लोगों के घायल होने की सूचना है। समाचार मिलने तक बगोदर अटका में धारा 144 लगा दी गई है।

## धड़ल्ले से हो रहा है अवैध तरीके से बालू का खनन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह- जिला के देवरी प्रखंड अंतर्गत सोनरे नदी एवं बरमसिया ( लोही ) नदी से इन दिनों बालू की अवैध तरीके से खनन माफिया के द्वारा किया जा रहा है । जिससे सरकार को प्रति वर्ष लाखों रुपए की राशि की चुना लगाया जा रहा है । सुत्रो के अनुसार बताया कि देवरी प्रखंड के नोनियांतरी में आश्रम विद्यालय का निर्माण हुआ है । विद्यालय में पढ्न- पाठ्न कमरा के आलावे कई आवासीय भवन का भी निर्माण कार्य हुआ है ।इस विद्यालय निर्माण कार्य में अवैध तरीके से बालू की आपूर्ति किया गया । वहीं फतेहपुर से बोंगी ( बिहार बोर्डर ) भाया भेलवाघाटी तक रोड निर्माण कार्य कराया जा रहा है । रोड निर्माण में अवैध तरीके से बालू आपुर्ति किया जा रहा है । इतना ही नहीं बिहार बोर्डर सीमा से सटे बोंगी में भी हाई स्कूल भवन एवं रोड , पुल पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है जहां प्रखंड के सोनरे एवं ( बरमसिया )लोही नदी से ही बालू खनन कर आपुर्ति किया जा रहा है । सवाल उठता है कि लम्बे समय से इन नदियों से बालू खनन किया जा रहा है । इसके बाद भी बालू खनन पर रोक लगाने से जिला प्रशासन मौन क्यों हैं ? आखिर कब तक यह अवैध खनन का खेल चलता रहेगा और इस खेल में कौन-कौन से अधिकारियों एवं सफेद पोश नेताओं का हाथ है । यह जानने के लिए लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है । दुसरी तरफ सरकार को प्रति माह लाखों रुपए का चुना कौन लगा रहा है ? अवैध तरीके से बालू खनन पर रोक लगाने से अधिकारी महोदय परहेज क्यों कर रही हैं । आखिर अवैध खनन पर किस पदाधिकारी एवं नेताओं की संलिप्तता है ? सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए राज्य से लेकर पंचायत तक अभियान चला रखी है । इसके बावजूद भी इन क्षेत्रों में अवैध खनन जोरो पर चल रही है ।

APEM LIVE

## लोहा,सीमेंट के प्रचार वाला बेरीकेटिंग के कारण हुआ हादसा लोग हुए उग्र

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह प्रशासन और जनप्रातिनिधि की सूझबूझ से बदडीहा रोड जाम का निर्णय लोगों ने वापस ले लिया। जिससे गिरिडीह जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। आज गिरिडीह एसडीएम डीएसपी एसडीपीओ ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी के साथ सुबह मुफस्सिल थाना में बैठक कर ग्रामीण को दिया आस्वासन,की हम सरकारी प्रवधान जो होगा,जल्द मिलेगी सरक. ारी राशी।आज से दो दिन पहले बदडीहा मेन रोड में अनियंत्रित होकर 407 एक टेम्बू को मार दिया जिसमें 4 घायल थे,जिसमें कल रवी पासी की मौत हो गई, जबकि अन्य अनिल विश्कर्मा,रवि राय और शिबू आदि का इलाज चल रहा है राँची में,शिबू राय सुरक्षित है बाकी दोनो को गंभीर चोट लगी है। ग्रामीणों ने तय किया था कि मुखिया के नेतृत्व में रोड जाम करेंगे,चुकि रवी पासी की मौत हो चुकी है,ग्रामीण आक्रोशित थे,लेकिन प्रशासन की पहल पर मुखिया ने रोड केंसिल कर दिया। माले नेता राजेश सिन्हा ने फ़ोन से गिरिडीह सी ओ राबिभूषण कुमार से बात की वह थाना आए और उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि चिंता नहीं करें हम सब आपके साथ है। एसडीएम गिरिडीह डीएसपी एसडीपीओ सहित मुफ्फसिल थाना प्रभारी ने मुफ्फसिल थाना में ग्रामीण और प्रतिनिधि के साथ बैठकर बोला कि प्रशासन है आपसब के साथ,मुखिया मनोज पासी, जिला परिषद के पति मोहनदास,जे एम एम के तेज लाल मंडल,माले से रंजीत यादव,शुभम पांडे,दीपक पासी,पवन विश्वकर्मा,सन्नी यादव के अलावे ग्रामीण महिलाएं और मृतक के परिवार मौजूद थे। बदडीहा मेन रोड में ब्रेकर बनाने छोड़ कर,लोहा मिल वाला प्रचार का बेरीकेटिंग लगा हुआ है,लोहा प्रचार,सीमेंट प्रचार के लिए अब रास्ते को घेर लिया जाता है,शहर के मेन रोड भी इसी के चपेट में है जिससे जाम लगता है,प्रशासन को जाम हटाने में काफी मसक्कत करनी पड़ती है,सबसे पहले रोड के किनारे अतिक्रमण जो प्रचार के माध्यम से किया गया जे सी बी से उखाड़ देना चाहिए। मृतक रवि पासी का अंतिम संस्कार के लिए गिरिडीह सी ओ ने अपने पॉकेट से लगभग 5000 नगद के लिए घटना स्थल पर ही परिजनो को दिया गया,आज हुआ अंतिम संस्कार।

## मदरसा नूर-उल-उलूम पिहरा में 06 जून को होगा बुखारी शरीफ़ का आगाज़रू मौलाना शमशीर कासमी

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : हज़रत मौलाना मुहम्मद शमशीर कासमी, मोहतमिम मदरसा नूर-उल-उलूम पिहरा (गिरीडीह) ने शनिवार को बड़े हर्ष के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मदरसा में बुखारी शरीफ़ बराए आलिमा कोर्स का आगाज़ 6 जून, 2022 को सुभा 9 बजे होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि हजरत मौलाना व मुफ्ती नजरे तौहीद साहिब मजाहिरी मोहतमिम जामिया राशिद-उल-उलूम चत्रा, हजरत मौलाना मुहम्मद अकरम साहिब कासमी, मोहतमिम जामिया हस्सान बिन सबित चिनू , हजरत मौलाना रुस्तम साहिब कासमी जनरल सिक्रेटरी जमीयत उलेमा जिला गिरिडीह, हज़रत मौलाना मोहम्मद इलयास साहिब मजाहेरी मोहतमिम जामिया उस्मान बिन अफ्फान और शायर-ए-इस्लाम जनाब ताबिश रेहान सामिल होंगे। मौलाना मुहम्मद शमशीर साहिब कासमी ने अपने दीनी भाइयों से इस ऐतिहासिक और खूबसूरत अवसर में भाग लेने और प्रोग्राम को कामयाब बनाने की पुरजोर अपील किया है।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया स्वागत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

**मिथलेश गोल्डी**



नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के स्वागत करते विद्यार्थी

प्रखंड के खरना स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को समारोह आयोजित कर पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया निर्मला देवी, पंसस चांदमुनी सोरेन तथा सभी ग्राम पंचायत सदस्यों का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने सभी जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य चिंतामणि प्रसाद ने नव. निर्वाचित के स्वागत में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मंच संचालन शिक्षक उमेश कुमार ने किया। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी बारी-बारी से विद्यार्थियों को संबोधित कर उनकी हौसला आफजाई की। इसके अलावा विद्यालय विकास के साथ अपने कार्यकाल के लक्ष्य को बताया। साथ हीं, सभी से संयुक्त रूप से कक्षा 1 से 8 तक बच्चों के 134, 206 तथा 20 दिनों के प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण का शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, उपाध्यक्ष कुंती देवी, संयोजिका नन्हकी देवी, शिक्षक बुधन महतो, महादेव महतो, पूर्व मुखिया शिबू सोरेन, राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पुलिस की कार्रवाई कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त, मालिक एवं चालक पर मामला दर्ज

### बड़कागांव फोटो नंबर 6 पुलिस द्वारा जप्त किया गया कोयला लदा ट्रैक्टर

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार को लेकर सघन छापेमारी की। छापेमारी में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया के समीप बहबलपुर के खेल मैदान के समिप अहले सुबह 3. 30 बजे कोयला लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया । चालक अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। कोयला कारोबार को लेकर निरंतर छापेमारी जारी रहेगी।

## गणेश साव ने पंचायत के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : नापोखुर्द पंचायत के युवा पंचायत समिति सदस्य गणेश साव ने पंचायत के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। गणेश साव को चुनाव में 1842 वोट मिले वहीं इनके निकटतम प्रतिद्वंदी महेश साव को 717 वोट मिले। इस प्रकार गणेश साव 1125 वोटों से विजई हुए। बता दें कि पंचायत समिति सदस्य चुनाव हेतु मैदान में कुल पांच सदस्य थे। युवा पंचायत समिति सदस्य गणेश साव ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ जनता हमें चुनाव में भारी मतों से विजय दिलाई है, मैं अपने कामों में खरा उतरूंगा और ग्रामीणों के विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक ने कांग्रेसियों के संग बैठक की

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड में कांग्रेस पार्टी कि संगठन की मजबूत करने को लेकर पर्यवेक्षक के द्वारा बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन संजय कुमार ने किया। कमेटी गठन एवं संगठन की मजबूती को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में बूथ स्तर पर कमेटी गठन पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि बूथ कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा ही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक संतोष सोनी जाकिर अख्तर , प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,संजय कुमार पंकज गुप्ता, सुरेश महतो, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, इंदर देव नायक, शुकुल महतो ,आनंद कुमार, शमशेर आलम, तनवीर ,चंद्रदेव राम, अजय पासवान, केरेडारी से रविंदर गुप्ता, सलामत अंसारी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन कल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ निवासी युवा लेखक बिपिन कुमार के द्वारा लिखित पुस्तक पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के प्रकाशित होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर विद्यासागर प्लस टू उच्च विद्यालय हरली के सचिव रामचरित्र प्रसाद,प०लिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार व श्रेै मेमोरियल प्राइवेट आई.टी. आई. के विजय प्रजापति के संयुक्त तत्वधान में प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय के सभा भवन में शिक्षक सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के शिक्षक व पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम में राज्य के कई शिक्षाविद ,साहित्यकार व लेखक शामिल होंगे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कोल्हैया पंचायत के छेवटा में पिटाई से घायल ब्यक्ति की मौत

### कर्ज समय पर न देने और कर्ज लगाने वाले के मनमुताबिक उम्मीदवार को वोट न देना महंगा पड़ा प्रदीप को

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :–राजपुर थाना क्षेत्र के छेवटा गांव से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। दरअसल कर्ज माफिया द्वारा एक गरीब को सिर्फ इसलिए बुरी तरह मारा गया क्योंकि वह गरीब उससे कर्ज लिया था और उसके मनमुताबिक ब्यक्ति को वह गरीब ब्यक्ति मतदान नही किया था। यह मामला राजपुर थाना क्षेत्र के छेवटा गांव की है।मंगलवार 31 मैं मई को जैसे ही मुखिया का परिणाम घोषित हुआ और कर्ज माफिया राजेन्द्र दाँगी के कलीग या नजदीकी चेहतक़ उम्मीदवार चुनाव में हार गया वैसे ही राजेन्द्र ने गांव के ही युवक प्रदीप सिंह भोक्ता पिता स्व,शनिचर भोक्ता को बुरी तरह से यह कहते हुए पिटाई कर दिया कि तुम्हे हम कर्ज दिए और तुम मेरे मुखिया उम्मीदवार को हरा दिया।राजेन्द्र ने प्रदीप को बुरी तरह से पिता जिससे प्रदीप घायल हो गया।प्रदीप के परिजनों ने उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां से प्रदीप की नाजुक स्थिति को देखते हुए राँची रिम्स रेफर किया था।और रिम्स में आखिर कर पांच दिन के बाद मार का दर्द को प्रदीप ने नहीं झेल सका और शुक्रवार की देर शाम दम तोड़ दिया।इधर घायल प्रदीप की मां मुखिया मसोमात ने राजपुर थाना में शुक्रवार को ही राजेन्द्र दाँगी के खिलाफ आवेदन दे चुकी है।वहीं मृतक प्रदीप की पत्नी सरिता देवी ने कही की राजेन्द्र गांव का एक दबंग ब्यक्ति है मेरे बच्चो का भी उससे डर है।इधर पंचायत के पूर्व मुखिया बैजनाथ सिंह भोक्ता,वर्तमान मुखिया सोनियाँ देवी,बबलू भुइयां,सहित पंचायत वासियो ने जिला प्रशासन से कर्ज माफिया राजेन्द्र पर करवाई की मांग की है।










डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार